आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.12.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 जयंती के अवसर पर आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी क्रिसमस का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है– उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
- मतदाताओं को प्रारूप सूची में अपना नाम सत्यापित करने की सुविधा प्रदान करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंग।
- पर्यटन निदेशालय ने द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान अपने आधिकारिक सोशल मीडिया के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर आज लखनऊ जा रहे हैं। प्रधानमंत्री दिन के ढाई बजे के आसपास श्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। स्वतंत्र भारत की महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल, उस महान राजनेता के जीवन और आदर्शों के प्रति

श्रद्धांजलि होगी, जिनके नेतृत्व ने देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकास यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी है।

<><><><><><>

देश और विदेश में आज क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देशभर के गिरिजाघरों को लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला प्रमुख ईसाई त्योहार है।

इस अवसर पर, द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला क्रिसमस एक पवित्र त्योहार है, जो उनके जीवन और शिक्षाओं पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करता है। उनकी शिक्षाएं प्रेम, करुणा, क्षमा और मानवता की निस्वार्थ सेवा के सिद्धांतों पर आधारित हैं। यह त्योहार समाज के सभी वर्गों के बीच एकता, आपसी सम्मान और भाईचारे के बंधन को और मजबूत करने का आह्वान करता है। सांसद बिष्णु पद रे ने क्रिसमस के अवसर पर, लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्रिसमस एक पवित्र त्योहार है जो प्रभु यीशु मसीह द्वारा सिखाए गए प्रेम, करुणा, शांति और त्याग का उत्सव मनाता है। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के अंडमान निकोबार राज्य आयोजन समिति के सचिव डी अय्यप्पन ने भी क्रिसमस के अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><>

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने प्रशिक्षण प्रणाली को विश्व–स्तरीय मांग के अनुरूप बनाने के लिये सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता निर्माण पर बल दिया है। कौशल विकास पर नई दिल्ली में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौधरी ने

कहा कि शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण और कार्यबल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल विकास से सरकार एआई सक्षम वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित भारत की नींव रख रही है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने बताया कि विचार विमर्श के दौरान कार्यबल के लगातार कौशल विकास का महत्व रेखांकित किया गया। स्वास्थ्य, विनिर्माण, सेवा और सुशासन में अनुसंधान और अभियांत्रिकी से लेकर क्षेत्र विशेष अनुप्रयोगों में प्रतिभा विकास पर बल दिया गया।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रारूप मतदाता सूची—2026 का प्रकाशन कर दिया गया है। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि अगले वर्ष बाईस जनवरी तक निर्धारित किया गया है। मतदाताओं को उनके नाम के सत्यापन में सहायता करने के लिए बूथ स्तर के अधिकारी प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियों के साथ मतदान केंद्रों पर उपस्थित है। सत्यापन के लिए अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं की सूची की प्रति भी बी एल ओ के पास उपलब्ध है। मतदाता मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट या भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध सूची की जांच कर सकते हैं। सभी अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता या कोई भी व्यक्ति जिसका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है, वे अपने संबंधित बी एल ओ को घोषणा पत्र के साथ फॉर्म—छः जमा कर सकते हैं या ईसीआई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रविष्टियों के सुधार के लिए मतदाताओं को फॉर्म—आठ जमा करना होगा। आपत्तियां फॉर्म—सात का उपयोग करके दर्ज की जा सकती हैं। मतदाताओं को प्रारूप सूची में

अपना नाम सत्यापित करने और नाम जोड़ने, सुधारने तथा आपत्ति संबंधी गतिविधियों की सुविधा प्रदान करने के लिए सत्ताईस और अट्ठाईस दिसंबर, तथा दस और ग्यारह जनवरी को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन विशेष शिविरों के दौरान बूथ स्तर के अधिकारी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। किसी भी सहायता के लिए, मतदाता अपने संबंधित बूथ स्तर के अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान पर्यटन निदेशालय ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की है। आम जनता, जो व्यक्तिगत रूप से महोत्सव स्थल पर उपस्थित होने में असमर्थ हैं, वे अब प्रमुख स्थानों और प्रदर्शनी मैदान पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को क्यूआर कोड स्कैन कर देख सकते हैं। पर्यटन निदेशालय ने सभी को इस डिजिटल पहल का लाभ उठाने और क्यूआर कोड स्कैन कर पर्यटन विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल व सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से लाइव जुड़कर द्वीप पर्यटन महोत्सव के समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है।

इस बीच राजभाषा विभाग की ओर से तीस दिसंबर को शाम छः बजे प्रदर्शनी मैदान में 'हास्य कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य भूमि के प्रसिद्ध हास्य कवि शंभू "शिखर", शालिज़ा सिंह, विभोर चौधरी, सुंदर कटारिया और चेतन "चर्चित" अपनी हास्य रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से नेताजी स्टेडियम और पोर्ट मोट क्रिकेट मैदान में डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–3) का आयोजन मार्च माह में शुरू किया गया। खराब मौसम के कारण टूर्नामेंट को स्थगित करना पड़ा था, जिसके चलते शेष लीग मैच और नॉकआउट चरण पूरे नहीं किए जा सके। विभाग ने कहा है कि यह टूर्नामेंट अब अगले वर्ष जनवरी के पहले सप्ताह से पोर्ट मोट क्रिकेट मैदान में पुनः शुरू किया जाएगा। सभी प्रतिभागी विभागों और निजी युवा क्लबों से संशोधित कार्यक्रम के अनुसार शेष मैच खेलने का अनुरोध किया गया है। संशोधित कार्यक्रम की जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, प्रतिभागी टीमें आयोजन समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीप पर्यटन महोत्सव दो हजार पच्चीस का आयोजन सत्ताईस दिसम्बर को होगा– द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। कालीकट पंचायत में विधि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। इंफो इंडिया ने पोर्ट मोट स्थित आई आर बी एन मुख्यालय में फुटबॉल लीग का सफल समापन होने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने मायाबंदर में दिव्य कला मेला का आयोजन करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। दो प्रमुख सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा

मंजूरी देने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>